Regarding need to develop a Mega Textile Park in Solapur city, Maharashtra-laid

डॉ. जयसिद्देश्वर शिवाचार्य स्वामीजी (शोलापुर): शोलापुर शहर न केवल भारत में बल्कि विदेशों में भी वस्त्र केंद्र के रूप में प्रसिद्ध है। स्वतंत्रता-पूर्व काल से ही यहां वस्त्र व्यवसाय चल रहा है। इस शहर में टेक्सटाइल पार्क के लिए आवश्यक सभी बुनियादी अवसंरचना मौजूद है। इस शहर में वस्त्र उद्योग से जुड़े प्रशिक्षित एवं कुशल कामगार बड़ी संख्या में उपलब्ध हैं। भौगोलिक दृष्टि से शोलापुर शहर तीन राज्यों से जुड़ा हुआ है। शोलापुर में इस मेगा टेक्सटाइल पार्क के विकसित होने से अन्य व्यवसायों को भी फलने-फूलने में सहायता मिलेगी और इसके माध्यम से कई बेरोजगार और कुशल कामगारों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

इसलिए, मैं माननीय मंत्री जी से शोलापुर शहर में एक मेगा टेक्सटाइल पार्क विकसित किए जाने का अनुरोध करता हूं।